# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 02.07.2025

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री ने कर चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश।

2– रिश्वत लेकर मेडिकल कॉलेजों को मनमाफिक रिपोर्ट देने के आरोप में सीबीआई ने तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों को किया गिरफ्तार।

3– ग्यारह राज्यों में करोड़ों रूपये की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह के पांच लोगों को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया।

4– भारी बारिश से राज्य के कुछ जिलों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ–बलरामपुर जिले में बीते दो दिनों में नदी में बहने से तीन लोगों की मौत।

**जीएसटी–बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कर की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आज मंत्रालय में वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य को जीएसटी और वैट से कुल तेईस हजार चार सौ अड़तालीस करोड़ रुपये का कर राजस्व प्राप्त हुआ है, जो राज्य के कुल कर राजस्व का अड़तीस प्रतिशत है। अधिकारियो ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने अट्ठारह प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

बैठक में वित्त और वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी और मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**सीबीआई–कार्रवाई**

विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को रिश्वत लेकर उनके मन–माफिक रिपोर्ट देने के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने तीन चिकित्सकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में नवा रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार चिकित्सा विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के तीन अधिकारियों और अन्य लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में नामित मूल्यांकनकर्ताओं ने कथित तौर पर रिश्वत लेकर विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को अनुकूल रिपोर्ट दी। इसकी सूचना प्राप्त होने पर सीबीआई ने जाल बिछाया और रिश्वत की रकम का लेनदेन करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सहित कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली और मध्यप्रदेश में चालीस से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

**कैबिनेट बैठक–प्रतिक्रिया**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कल जिस रोजगार लिंक्ड इंसेंटिव–ई.एल.आई. योजना को मंजूरी दी है, उसका राज्य में युवाओं के साथ ही उद्योग और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने स्वागत किया है।

दुर्ग जिले के जाने–माने शिक्षाविद् चिरंजीव जैन ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि यह योजना सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

वहीं, शिक्षाविद् अवनीश कुमार सक्सेना ने कहा कि केन्द्र सरकार की यह योजना दोहरा लाभ प्रदान करने वाली योजना साबित हो सकती है।

इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को गति देना और पहली बार नौकरी करने वालों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

<u>मुख्यमंत्री–खाद आपूर्ति</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को नियमित रूप से खाद की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात भी कही।

<u>एम्स–कोविड टीका</u>

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स ने कहा है कि कोविड के टीकों और युवाओं की अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। देश के दो प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के व्यापक अध्ययनों में पुष्टि हुई है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं।

<u>शासकीय सेवक–निवेश</u>

राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम में संशोधन किया है। इसके तहत अब राज्य के शासकीय सेवकों को शेयर, प्रतिभूति, डिबेंचर्स और म्युचुअल फंड्स में निवेश करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि इंट्रा–डे ट्रेडिंग, बीटीएसटी, फ्यूचर एंड ऑप्शंस और क्रिप्टोकरेंसी जैसे निवेश पर रोक लागू रहेगी।

<u>बारिश</u>

प्रदेश के कुछ जिलों में पिछले दो–तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोरबा जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, ढोढ़ीपारा स्थित भैंस खटाल बस्ती में बीती रात एक घर की छत ढह गई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले में भी पिछले अड़तालीस घंटों से हो रही बारिश के कारण कई निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई है।

वहीं, सक्ती जिले में भी पिछले तीन दिनों से रूक–रूककर बारिश होने और आंधी–तूफान से कई जगहों पर पेड़ गिर गए हैं, जिससे विभिन्न स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है।

बलरामपुर जिले में भी लगातार बारिश के कारण कई नदी–नाले उफान पर हैं। आज गेउर नदी को पार करते समय एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, कल राजपुर क्षेत्र की गागर नदी में फंसे तीन पहाड़ी कोरवा बच्चों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाला। इससे पहले, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित एक नाले को पार करते समय मां–बेटे बह गए थे, जिनके शव कल बरामद कर लिए गए थे।

मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश में उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है।

भूस्खलन–ट्रेन प्रभावित

दंतेवाड़ा जिले में भारी बारिश के कारण किरंदुल–कोरापुट रेललाइन पर भू–स्खलन हुआ है, जिसकी वजह से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे ने जगदलपुर–भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस और किरंदुल–विशाखापट्नम एक्सप्रेस को परिचालन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। रेल विभाग के अधिकारी–कर्मचारी रेलमार्ग की मरम्मत कर यातायात को बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

हर घर मुनगा अभियान

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास से ''मोर गोठ ल सुन गा, हर घर मुनगा'' अभियान का शुभारंभ किया। श्रीमती राजवाड़े ने मुनगा के पौधे का रोपण कर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की। साथ ही प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुनगा न केवल एक पौष्टिक सब्जी है, बल्कि यह बच्चों और माताओं के पोषण स्तर को सुधारने में अहम भूमिका निभाता है।

कोंडागांव–ऑनलाइन ठगी

ग्यारह राज्यों में करोड़ों रूपये की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने बताया कि इन आरोपियों पर करीब एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी करने का आरोप है और इन्हें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में एक नये ऐप, रेलवन का शुभारंभ किया। यह ऐप रेलवे के साथ यात्री संपर्क को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

– पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है। ये नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ''अवाड्र्स डॉट जीओवी डॉट इन'' पर ऑनलाइन प्राप्त किए जा रहे हैं।

– महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है।

– राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ ही प्रदेश के सांसदों और विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सरगुजा जिले के मैनपाट में सात जुलाई से शुरू होगा।

– महासमुंद जिले की कोमाखान पुलिस ने एक ट्रक से पांच सौ किलो गांजा जब्त किया है। इसका मूल्य करीब पचहत्तर लाख रूपये बताया गया है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>